पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

राजभवन कार्मिकों व अध्यासितों हेतु राजभवन में आयोजित परंपरागत खेलकूद प्रतियोगिता 11वें दिन भी रहा जारी

——————

खो–खो व किंग खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

——————

15 दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगामी 14 जनवरी को होगा समापन

———————

लखनऊ : 10 जनवरी, 2024

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यासितों व बच्चों हेतु आयोजित परंपरागत खेलकूद प्रतियोगिता 2023–24 के आज ग्यारहवें दिन खो–खो व किंग खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों द्वारा इसमें उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया।

विदित है कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी राजभवन में परंपरागत खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ राज्यपाल जी द्वारा 31 दिसंबर को किया गया था। 15 दिवसीय यह प्रतियोगिता आगामी 14 जनवरी तक चलेगी। सभी खेल स्पर्द्धाओं में प्रतिभागियों द्वारा बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है। नित्य आयोजित प्रतियोगिता से प्रतिभागियों में सकारात्मक खेल भावना का विकास व प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण का निर्माण हुआ है।

ज्ञात है कि राजभवन में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में कुल 21 खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें खो–खो, कबड्डी, गिल्ली डण्डा, रस्सा कसी, टेबल टेनिस, किंग, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, जूडो, कलर बॉल, गोला फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद, दौड़ (100 मी0 / 50 मी0), लंगड़ी दौड़, बोरा दौड़, स्लो

साइकिलिंग, वालीबॉल, लट्टू तथा रस्सी कूद प्रतियोगिता शामिल है। इन खेलों में कुल 509 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं, जिनमें 358 पुरूष, 57 बालक तथा 94 प्रतिभागी महिला एवं बेटियां हैं।

———–

कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र–9454468250